आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 06.01.2025

मुख्य समाचारः–

1– बीजापुर जिले में माओवादियों के हमले में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के आठ जवान सहित नौ लोगों की मौत।

2– प्रदेश के नगरीय निकायों में महापौर तथा अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया कल सात जनवरी को रायपुर में संपन्न की जाएगी।

3– मुख्यमंत्री ने जांजगीर में दो सौ पचासी निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

4– बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले के मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्रकार को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया।

माओवादी विस्फोट–जवान शहीद

बीजापुर जिले में आज दोपहर माओवादियों ने सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाते हुए बारूदी सुरंग का विस्फोट किया। इस घटना में वाहन में सवार आठ जवानों और ड्राईवर की मौत हो गई है। वहीं, एक जवान अभी लापता है।

दंतेवाड़ा रेंज के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि दंतेवाड़ा डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के जवान दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन के बाद वापस लौट रहे थे। तभी बीजापुर जिले में आज दोपहर कुटरू थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बेली के पास माओवादियों ने सुरक्षा कर्मियों के वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट किया।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस घटना पर दुख जताते हुए वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया में जारी अपने संदेश में उन्होंने विश्वास जताया है कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और मार्च दो हजार छब्बीस तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करके रहेंगे।

वहीं, राज्यपाल रमेन डेका ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नक्सलियों द्वारा किया गया यह कृत्य जघन्य अपराध है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

नारायणपुर–मुठभेड़ अपडेट

उधर, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। सुरक्षा बलों द्वारा घटनास्थल की तलाशी के दौरान एक और माओवादी का शव बरामद किया गया। इस मुठभेड़ में दो महिला सहित पांच माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

पत्रकार हत्या–आरोपी गिरफ्तार

बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी सुरेश चन्द्रकार को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में गठित स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने बताया कि सुरेश चंद्रकार को बीती रात हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्रकार ने हाल ही में जिले में हुए सड़क निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को उजागर किया था। उसके बाद बीते एक जनवरी से वे लापता थे। तीन जनवरी को पुलिस ने उनका शव ठेकेदार सुरेश चंद्रकार के परिसर में बने सेप्टिक टैंक से बरामद किया था।

महापौर/अध्यक्ष–आरक्षण प्रक्रिया

प्रदेश के नगरीय निकायों में महापौर तथा अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया कल रायपुर में संपन्न की जाएगी। आरक्षण की प्रक्रिया साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कल सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगी।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश में होने वाले नगरीय निकायों के आम चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियम के प्रावधानों के अंतर्गत नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद् और नगर पंचायत के अध्यक्षों के पदों के आरक्षण की कार्यवाही संपादित की जा रही है।

गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने पहले इसके लिए सत्ताईस दिसम्बर की तारीख निर्धारित की थी।

अग्निवीर–भर्ती

भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन कल सात जनवरी से शुरू होगी। अभ्यर्थी सत्ताईस जनवरी तक पंजीयन करा सकेंगे। अग्निवीर के लिए जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रैडमैन, महिला सैन्य पुलिस के पदों पर भर्ती की जाएगी। अग्निवीर भर्ती में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी का गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषयों में बारहवीं या तीन वर्षीय डिप्लोमा में पचास प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदकों को ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वेबसाईट अग्निपथ वायु डॉट सीडैक डॉट इन में करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री–लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जांजगीर–चांपा जिले में करीब एक सौ तिरासी करोड़ रूपए की लागत के दो सौ पचासी विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जिले के खोखरा भांठा में बनाये गए स्पोर्ट्स स्टेडियम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों को एक साथ एक ही जगह पर क्रिकेट, फुटबॉल, रनिंग ट्रैक, स्केटिंग, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल जैसे कई खेलों के लिए शानदार मंच मिलेगा।

मुख्यमंत्री जांजगीर के शासकीय हाईस्कूल मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए और नव विवाहित दंपत्तियों को शुभकामनाएं दीं।

एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जांजगीर चांपा जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण किया।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज जांजगीर–चांपा जिले के युवाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, क्रिएटर्स व गायकों को अपनी रचनात्मकता को आगे लाने का मंच उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालय के कचहरी चौक के सी–मार्ट परिसर में हाईटेक स्टूडियो का शुभारंभ किया।

## बाल विज्ञान कांग्रेस

भोपाल में आयोजित इकतीसवीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में छत्तीसगढ़ के चार बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह बाल विज्ञान कांग्रेस तीन से छह जनवरी तक आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ से सोलह बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

इस बाल विज्ञान कांग्रेस से राष्ट्रीय स्तर पर बीस उत्कृष्ट परियोजनाओं का चयन किया गया है। इनमें से चार परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के बाल वैज्ञानिकों की हैं।

प्रदेश के जिन बाल वैज्ञानिकों की परियोजनाओं का चयन हुआ है, उनमें कोंडागांव की भूमिका पदमाकर, रायपुर की शिखा देवांगन, सूरजपुर की प्रतिमा प्रजापति और बिलासपुर के दिव्य वीर सिंह शामिल हैं।

## "देश का प्रकृति परीक्षण"

"देश का प्रकृति परीक्षण" अभियान के तहत प्रदेश में चार लाख पैंतालीस हजार से अधिक नागरिकों का ऑनलाईन प्रकृति परीक्षण किया गया है। केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा किए गए इस परीक्षण में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन बिहार, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड जैसे राज्यों से बेहतर रहा है। अभियान के तहत राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सहित अन्य सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने अपना प्रकृति परीक्षण कराया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनतीस अक्टूबर दो हजार चौबीस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस अवसर पर "देश का प्रकृति परीक्षण" अभियान का शुभारंभ किया था।

## राष्ट्रपति–दिव्या निषाद सम्मानित

राजनांदगांव जिले के ग्राम कुसमी की लखपति दीदी दिव्या निषाद छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित एट होम रिसेप्शन में शामिल होंगी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें सम्मानित करेंगी। लखपति दीदी दिव्या निषाद ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय शुरू किया। वर्तमान में उनकी सालाना आय चार लाख रूपए से अधिक है।

## भाजपा–जिलाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी ने आज राज्य के उन्नीस जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने कल राज्य के पन्द्रह जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। आज जिन अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, उनमें शामिल हैं – बेमेतरा से अजय साहू, बिलासपुर शहर से दीपक सिंह ठाकुर, बिलासपुर ग्रामीण से मोहित जायसवाल, सरगुजा से भारत सिंह सिसौदिया, मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी से चंपादेवी पावले, कोरिया से देवेन्द्र तिवारी, कोंडागांव से सेवक राम नेताम, खैरागढ से डॉक्टर बिसेसर साहू, धमतरी से प्रकाश बैस, महासमुंद से येतराम साहू, बलौदाबाजार से आनंद यादव, सुकमा से धनीराम बारसे, दंतेवाड़ा से संतोष गुप्ता, नारायणपुर से संध्या पंवार, बस्तर से वेदप्रकाश पांडेय, सक्ती से टिकेश्वर गबेल, सारंगढ़ से ज्योति पटेल, जांजगीर से अम्बेश जांगड़े और गरियाबंद से अनिल चंद्राकर की जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की गई है।

## प्रकाश पर्व

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज प्रदेश में सभी गुरुद्वारों को सजाया गया है। इस अवसर पर देश–विदेश से श्रद्धालु अमृतसर में हरमंदिर साहिब, स्वर्ण मंदिर में मत्था टेक रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देशवासियों को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर

शुभकामनाएं दी हैं। छत्तीसगढ़ में भी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का तीन सौ अंठावनवां प्रकाश पर्व  पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

<u>मौसम</u>

पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण छत्तीसगढ़ में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं आने की संभावना है। इसके कारण अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>